आठवीं के छात्र की पीट पीटकर हत्या,सनसनी

आरा (भोजपुर)। जिले के तरारी थाना क्षेत्र के करथ गांव के समीप मंगलवार की शाम एटीएम से पैसा निकाल कर घर लौट रहे आठवीं के छात्र की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। उसका शव बुधवार की सुबह थाना क्षेत्र के करथ गांव स्थित बिरहर करहा के पास से बरामद हुआ। मृतक के बाएं ललाट, आंख के ऊपर जख्म का निशान एवं जीभ बाहर निकला हुआ पाया गया। जानकारी के अनुसार मृतक तरारी थाना क्षेत्र के दुर्गपुर गांव निवासी सत्येंद्र सिंह उर्फ अलगू का 14 वर्षीय पुत्र मोहित राज है। वह वर्ग आठवीं का छात्र था। इधर, मृत किशोर के पिता सत्येंद्र सिंह उर्फ अलगू ने बताया कि मंगलवार की शाम सात बजे करथ गांव स्थित एटीएम में पैसा निकालने गया था। एटीएम से उसने छह हजार की निकासी की और वापस घर लौट रहा था। तभी गांव के ही दो युवकों ने उसे पैसा निकालते हुए देख लिया और उसका पीछा करते हुए उसे दबोच लिया। उसके बाद उन्होंने पीट-पीटकर उसकी हत्या कर दी। देर शाम जब घर वापस नहीं लौटा तो, परिजनों ने खोजबीन की। लेकिन कुछ पता नहीं चल सका। इसी बीच बुधवार की सुबह करथ गांव स्थित बिरहर करहा के पास से उसका शव बरामद हुआ। सूचना पाकर परिजन एवं स्थानीय थाना घटनास्थल पर पहुंची। इसके पश्चात पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम सदर अस्पताल में करवाया। वहीं दूसरी तरफ मृत किशोर के पिता सत्येंद्र सिंह उर्फ अलगू ने गांव के ही अशोक एवं उसके साथ रहे युवक पर पैसे की लालच को लेकर अपने पुत्र की पीट-पीटकर हत्या करने का आरोप लगाया है। साथ ही उन्होंने अपने पुत्र के गांव में किसी भी व्यक्ति से किसी भी प्रकार की विवाद एवं दुश्मनी की बातों से इंकार किया है। इस संबंध में तरारी थानाध्यक्ष पंकज कुमार चौरसिया ने बताया की हत्या का कारण अभी स्पष्ट नहीं हो सका है।

नीरज कुमार का जीतना जरूरी था : मनोज उपाध्याय

पीरो (भोजपुर)। जदयू प्रवक्ता नीरज कुमार की जीत पर बधाई देते हुए भोजपुर बक्सर स्थानीय प्राधिकार क्षेत्र से एम एल सी प्रत्याशी रहे जनता दल यू से निष्कासित पूर्व प्रदेश महासचिव मनोज उपाध्याय ने आज प्रेस से वार्ता के क्रम में नीरज कुमार को बधाई प्रेषित करते हुए कहा कि अब धनबल बाहुबल को प्रदेश की जनता नकार चुकी है नीरज कुमार की जीत ने यह सिद्ध कर दिया कि ना तो किसी प्रबुद्ध मतदाता को डरा धमका कर उनका मत लिया जा सकता है ना ही पैसों के बूते उन्हें खरीदा जा सकता है प्रदेश में आज भी एनडीए के पक्ष में लोग गोलबंद है विशेषकर नीरज कुमार जैसे विशुद्ध राजनैतिक कार्यकर्ता का जितना लोकतंत्र को जिंदा रखने के लिए निहायत जरूरी था। कोरोना जैसे महामारी में जहाँ कई राजनेता व धनाढ्य लोग घरों में दुबके रहते थे वैसे में नीरज कुमार अपनी जान की परवाह किए बग़ैर हजारों लोगों को अस्पताल में भर्ती कराने में तल्लीन थे।अपनी जान की परवाह किए बगैर कोरोना काल में भी वे प्रतिदिन यानी साल के तीन सौ पैसठों दिन जिस तरीके से वे वातानुकूलित कमरे से बाहर कुर्सी निकाल सुबह आठ बजे से दर्जनों लोगों से मिलने का क्रम जारी रखे और सबका भला किया वह आम जनता का आशीर्वाद ही है की



आज उन्हें विजय श्री मिली। श्री उपाध्याय ने जदयू से संबंधित एक प्रश्न के जवाब में कहा कि दल से भले उनका निष्कासन हुआ है लेकिन दल आज भी उनके दिल में है। उन्होंने स्पष्ट किया की लोकतंत्र में सभी को चुनाव लड़ने का अधिकार है और उनकी पिताजी की आखिरी इच्छा थी की उनका पुत्र चुनाव लड़े तो उन्होंने भोजपुर बक्सर एम एल सी स्थानीय प्राधिकार का चुनाव लड़ा लेकिन कभी संगठन की या दल के नेताओं के प्रति आपत्तिजनक टिप्पणी या बुरा भला नहीं कहा। जिस दल को उन्होंने मंदिर कहा और नीतीश कुमार जी को भगवान विश्वकर्मा फिर जब उन्हें पार्टी ने अपना उम्मीदवार नहीं बनाया तो दल और दल के नेता एक ही दिन बाद क्या बुरा और बुराई करने लायक़ हो जाएँगे ? केंद्रीय मंत्री ललन सिंह से उनके प्रगाढ़ संबंधों के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने जवाब दिया की ललन बाबू उनके अभिभावक है और वे काफी गंभीर व्यक्ति हैं, पेट के हल्के नहीं हैं ललन बाबू। वे उन्हें व्यक्तिगत तौर पर जानते पहचानते है यही उनके लिए बहुत है लेकिन अभी नाराज चल रहे है लेकिन आशा है की चुनाव लड़ने के मेरे फैसले को स्वरक्षार्थ उठाया कदम मान तत्कालीन मेरी मजबूरी समझने का प्रयास करेंगे ना तो उन्होंने मुझे चुनाव लड़ने की हामी भरी थी ना ही उनके अनुसार मैंने चुनाव लड़ा था तो गुस्साना और दल द्वारा की गई अनुशासनात्मक कार्रवाई स्वाभाविक था। निशान्त कुमार के रूप में बिहार का भविष्य दिख रहा है और नीतीश कुमार जी ने बिहार के लिए जो कर दिया वह अब इस युग में किसी से संभव नहीं है। एनडीए समर्थित सभी एमएलसी को उन्होंने बधाई प्रेषित किया।

सड़क हादसे में बक्सर के अधेड़ की मौत

आरा (भोजपुर)। आरा-मोहनिया नेशनल हाईवे पर जिले के जगदीशपुर थाना क्षेत्र के इसाढ़ी एवं कितापुर गांव के बीच बुधवार की दोपहर ट्रैक्टर ने बाइक सवार बक्सर के अधेड़ को रौंद दिया। हादसे में उनकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। वहीं घटना के बाद चालक ट्रैक्टर छोड़ मौके से फरार हो गया। सूचना पाकर ट्रैक्टर मालिक घटनास्थल पर पहुंचे तो, ग्रामीणों ने उन्हें दबोच लिया और उनकी पिटाई कर दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची। पुलिस ने मलिक को गिरफ्तार कर ट्रैक्टर को जब्त कर लिया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम सदर अस्पताल में करवाया। जानकारी के अनुसार मृतक बक्सर जिले के बगेन गोला थाना क्षेत्र के बगेन गोला गांव निवासी स्व. ज्ञानचंद राम के 53 वर्षीय पुत्र विजेंद्र राम है। वह पेशे से किसान थे। इधर, मृतक के साला प्रमोद कुमार ने बताया कि उनके बेटे मनन कुमार को पीएमसीएच में लड़का हुआ था। उसी को देखने के लिए वह पहले अपने ससुराल जगदीशपुर थाना क्षेत्र के बभनियांव गांव आए और वहां से पटना जा रहे थे। उसी दौरान इसाढ़ी एवं कितापुर गांव के बीच ट्रैक्टर ने उन्हें रौंद दिया। जिससे उनकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। तब स्थानीय लोगों द्वारा सूचना पाकर परिजन वहां पहुंचे। बताया जाता है कि मृतक के परिवार में पत्नी प्रमिला देवी व छह पुत्र चंदन कुमार, कुंदन कुमार, मनन कुमार, नंदन कुमार, विष्णु कुमार, पंकज कुमार एवं एक पुत्री आरुषि कुमारी है। घटना के बाद मृतक के घर में कोहराम मच गया, उनकी पत्नी प्रमिला देवी परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

Govt. of Bihar

Public Health Engineering Department

Public Health Engineering Division, Biharsharif

SHORT TERM TENDER NIT No –15 /DB&OM(Retender)

National Competitive Bidding

(Through e-procurement mode on www.eproc2.bihar.gov.in)

1	Designation and Address of Advertiser	Executive Engineer, P. H. Division, Biharsharif
2	Date of issue of Tender Notice	26.10.2026
3	Period of sale (downloading) of tender Bid Document	09.11.2026 to 14.11.2026 up to 15:00 Hrs. through www.eproc2.bihar.gov.in
4	Date, time & place of pre-bid meeting	13.11.2026 at 12:00 hrs in the Office of Executive Engineer of concerned P. H. Division
5	Last date and time of receipt (uploading) of tender	17.11.2026 up to 15:00Hrs on www.eproc2.bihar.gov.in
6	Date and time of opening of technical bid	17.11.2026 at 15:30Hrs on www.eproc2.bihar.gov.in
7	Date and time of opening of financial bid	To be informed later after the approval of technical bid.

8. Details of works:

Group No	Name of Work	Estimated Cost (in Lakh)	Amount of Earnest Money (in Lakh)	Cost of Tender Document (non-refundable) in Rs.	BSEDC Bid Processing Fee (in Rs.)	Completion Period (in months)
1	2	3	4	5	6	7
1.	Scheme for strengthen of Bhui SVS & 3 WLS Scheme (ward no. 1,2,3,4,5,6,7,8,9,10,&11) in Bhui Panchayat of using treated water of Silao MVS Phase-1 under P.H. Division, Biharsharif	487.587	9.752	10000.00	5900.00	6

For further details please visit : **www.state.bihar.gov.in/prdbihar**

PR- 014346 (PHED) 2026-27

Executive Engineer
Public Health Division, Biharsharif

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार।

पिता-पुत्र, पति-पत्नी के रिश्ते को प्रगाढ़ बनाता है भगवान राम का चरित्र

रामलीला के चौथे दिन परशुराम लक्ष्मण संवाद एवं श्री राम-सीता विवाह का हुआ मंचन

आरा/उदवंतनगर (भोजपुर)। उदवंतनगर प्रखंड के कारीसाथ गांव स्थित शिव देवी हनुमत धाम में चल रहे भव्य श्री रामलीला महोत्सव के चौथे दिन मंगलवार को श्री परशुराम लक्ष्मण संवाद एवं श्री राम सीता विवाह का मंचन हुआ। इसके पहले कार्यक्रम का शुभारंभ प्रभु श्री राम की आरती से हुआ। इस दौरान आरा नगर रामलीला समिति ट्रस्ट की अध्यक्ष डॉ. अर्चना सिंह, कोषाध्यक्ष कर्नल राणा प्रताप सिंह, नगर रामलीला समिति ट्रस्ट के उपाध्यक्ष सह श्री रामनवमी शोभायात्रा महोत्सव के संयोजक शंभू प्रसाद चौरसिया, समाजसेवी सूरजभान सिंह, नगर रामलीला समिति ट्रस्ट के अवधेश कुमार पांडेय, डॉ. कृष्ण कुमार, सनातनी गंगा फाउंडेशन के कार्यकारिणी सदस्य राम अनुज सिंह, त्रेता सवालिया सिंह समेत अन्य लोगों ने प्रभु श्रीराम का आरती कर किया। इस मौके पर आरा नगर रामलीला समिति ट्रस्ट की अध्यक्ष डॉ. अर्चना सिंह ने कहा कि मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम के चरित्र को आज के दौर में आत्मसात करने की जरूरत है। प्रभु श्री राम की जीवनी पिता-पुत्र, पति-पत्नी, भाई-भाई के संबंधों को और प्रगाढ़ बनता है, उन्होंने कहा कि जब हम जन्म लेते हैं, उस समय भी प्रभु श्री राम का नाम लिया जाता है और जब



हमारा यह नश्वर शरीर पंचतत्व में विलीन हो जाता है, उस समय भी हम भगवान राम के नाम को लेते हैं। यानि राम का नाम ही सत्य है। समाजसेवी सूरजभान सिंह ने रामायण के कई प्रसंगों की चर्चा करते हुए कहा कि आप कभी भी भगवान राम का नाम ले सकते हैं। उनके नाम से ही आपका कल्याण संभव है, उन्होंने उपस्थित दर्शकों से भी सीधा संवाद किया। नगर रामलीला समिति ट्रस्ट के उपाध्यक्ष सह श्री रामनवमी शोभा यात्रा के महोत्सव के संयोजक शंभू प्रसाद चौरसिया ने कहा आज के दौर में लोग पाश्चात्य संस्कृति की ओर जा रहे हैं। ऐसे में यूपी के काशी (बनारस) से आई रामलीला मंडली लोगों को अपने सनातन संस्कृति के प्रति जोड़ने का काम कर रही है। आज के युवाओं को प्रभु श्री राम की तरह मर्यादित होकर अपनी सनातन संस्कृति को बचाए रखना होगा। नगर रामलीला समिति ट्रस्ट के अवधेश कुमार पांडेय ने कहा कि प्रभु श्री राम का नाम से ही आपका सारे कार्य पूर्ण हो जाएंगे। यहां के उपस्थित जनसमूह को देखने से यह पता चलता है कि भगवान के प्रति लोगों को कितनी श्रद्धा है। नगर रामलीला समिति ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष कर्नल राणा प्रताप सिंह ने कहा कि नगर रामलीला समिति ट्रस्ट द्वारा आने वाले समय में शहर के आसपास के गांव में रामलीला का मंचन कराया जाएगा, ताकि गांव के लोग प्रभु श्री राम के चरित्र को अपनाने और अपने सनातन संस्कृति के प्रति समर्पित रहे। रामलीला के मंचन के पूर्व नगर रामलीला समिति ट्रस्ट की अध्यक्ष डॉ. अर्चना सिंह, सुरजभान सिंह समेत अन्य अतिथियों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। रामलीला के चौथे दिन श्री परशुराम लक्ष्मण संवाद एवं श्री राम-सीता विवाह का मंचन हुआ। काशी बनारस से आए रामलीला मंडली के कलाकारों ने अपनी प्रस्तुति से दर्शकों को भावविभोर कर दिया। इस मौके पर कारीसाथ एवं आसपास के गांव के भारी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत

आरा (भोजपुर)। दानापुर-पीडीडीयू रेलखंड पर आरा जंक्शन के प्लेटफार्म नंबर एक के समीप डाउन लाइन पर मंगलवार की देर शाम ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत हो गई। घटना को लेकर लोगों के बीच अफरा-तफरी का आलम रहा। जानकारी के अनुसार मृतक चांदी थाना क्षेत्र के जोकटा वार्ड नंबर-2 निवासी चंदेश्वर सिंह का 35 वर्षीय पुत्र प्रमोद सिंह है। वह गुजरात के सूरत स्थित साड़ी के कंपनी में काम करता था। इधर, मृतक के बेटे सुजीत कुमार ने बताया कि वह रविवार को सूरत से ट्रेन द्वारा आरा आ रहे थे। इसी बीच मंगलवार की देर शाम ट्रेन की चपेट में आने से उनकी मौत हो गई। उनके पॉकेट से मिले नंबर के माध्यम से रेल पुलिस द्वारा फोन कर इसकी जानकारी परिजनों को दी गई। सूचना पाकर परिजन रेल थाना पहुंचे। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम सदर अस्पताल में करवाया।

हत्या के प्रयास मामले में आरोपित गिरफ्तार

आरा (भोजपुर)। जिले तीयर थाना पुलिस द्वारा हत्या के मामले में फरार चल रहे आरोपित को गिरफ्तार किया गया। उसकी गिरफ्तारी थाना क्षेत्र के नीमा गांव से की गयी। वह तीयर थाना क्षेत्र के नीमा गांव निवासी विनोद सिंह का पुत्र अजीत कुमार है। इसकी जानकारी एसपी अवधेश दीक्षित ने प्रेस नोट जारी कर दी। बता दें कि बीते 12 जुलाई की शाम जब तीयर थाना क्षेत्र के तीयर गांव निवासी द्वारकानाथ सिंह के पुत्र मनोज कुमार सिंह अपने भाई अमित कुमार सिंह के साथ खेत में पटवन के लिए जा रहे थे। उसी बीच रास्ते में गांव के ही कुछ लोगों द्वारा उन्हें घेर कर मारपीट कर दी गई थी। जिससे दोनों भाई जख्मी हो गए थे।

वैशाली भवन प्रमण्डल, हाजीपुर

बिहार सरकार

केवल ई0 निविदा द्वितीय पद्धति के अनुसार बेबसाईट एवं www.eproc2.bihar.gov.in पर

अति अल्पकालीन ई-निविदा आमंत्रण सूचना संख्या :-10/2026-27

1. विज्ञापन दाता का नाम एवं पता :- कार्यपालक अभियंता, वैशाली भवन प्रमण्डल, हाजीपुर।
2. निविदा आमंत्रण की तिथि :- 23.10.2026
3. परिमाण विपत्र (डाउनलोड करने) एवं निविदा जमा करने (अपलोड करने) की अंतिम तिथि एवं समय :- दिनांक-03.11.2026 से दिनांक-25.11.2026 को 3:00 बजे अप0 तक
4. निविदा खोलने (तकनीकी बीड) की तिथि एवं समय :- दिनांक-26.11.2026 को 3:30 बजे अपराह्न तक
5. वित्तीय बीड खोलने की तिथि एवं समय :- तकनीकी बीड मूल्यांकन के पश्चात
6. प्रीबीड मीटिंग की तिथि, समय एवं स्थान :- (1)दिनांक-12.11.2026 के 3:00 बजे अपराह्न मे अधीक्षण अभियंता, का कार्यालय, भवन अंचल, मुजफ्फरपुर।
7. परिमाण विपत्र की बिक्री स्थान :- वेबसाईट **www.eproc2.bihar.gov.in**
8. निविदा प्राप्ति का स्थान :- वेबसाईट **www.eproc2.bihar.gov.in**
9. निविदा वैधता की तिथि :- 120 दिन।
10. कार्य की विवरणी:-

क्र0 सं0	कार्य का नाम	परिमाण विपत्र की राशि (रू0 में)	अग्रधन की राशि (रू0 में)	परिमाण विपत्र का मूल्य (रू0 में)	ई-निविदा प्रोसेसिंग चार्ज का मूल्य(रू0 में)	कार्य समाप्ति की अवधि
1	2	3	4	5	6	7
1	नयी और पुरानी व्यवहार न्यायालय, वैशाली, हाजीपुर के चारो तरफ Concertin Wire के साथ चहारदिवारी की उँचीकरण एवं संतरी पोस्ट का निर्माण कार्य।	51,12,750.00	1,02,300.00	10,000.00	eproc2 बेवसाईट के अनुसार	04 माह

11 इस निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार का शुद्धि पत्र वेवसाइट पर www.eproc2.bihar.gov.in पर ही संसूचित किया जायेगा।

12. निविदा केवल ई-निविदा पद्धति के अनुसार बेवसाइट www.eproc2.bihar.gov.in पर निष्पादित किया जाएगा। ई-निविदा प्रक्रिया से संबंधित जानकारी **Toll Free No. 18005726571** एवं **Email Id: eproc2support@bihar.gov.in** पर कार्य दिवसों में प्राप्त की जा सकती है।

13. विस्तृत जानकारी हेतु **www.state.bihar.gov.in/prdbihar or www.eproc2.bihar.gov.in** पर देखा जा सकता है।

PR- 014349 (BCD) 2026-27

कार्यपालक अभियंता
वैशाली भवन प्रमंडल, हाजीपुर

उक्त सूचना **state.bihar.gov.in/prdbihar** से भी प्राप्त की जा सकती है।

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार।

फायरिंग मामले में फरार आरोपित गिरफ्तार

आरा (भोजपुर)। गजराजगंज ओपी पुलिस द्वारा फायरिंग मामले में फरार चल रहे आरोपित को गिरफ्तार किया गया, उसकी गिरफ्तारी थाना क्षेत्र के करीसाथ गांव स्थित फोरलेन स्थित चाय दुकान के पास से हुई। वह गजराजगंज ओपी क्षेत्र के कारीसाथ गांव निवासी जलेन्द्र सिंह का पुत्र गौतम सिंह है। वह अप्राथमिकी अभियुक्त बताया जा रहा है। इसकी जानकारी पुलिस अधीक्षक अवधेश दीक्षित ने प्रेस नोट जारी कर दी। बता दें कि बीते 3 सितंबर की देर शाम गजराजगंज ओपी क्षेत्र के कारीसाथ गांव निवासी हनुमान यादव का पुत्र संतोष कुमार यादव जब थाना क्षेत्र के कारीसाथ फोरलेन पर स्थित पान दुकान पर बैठा हुआ था। उस दौरान हथियारबंद बदमाश द्वारा उसे गोली मार दी गई थी। तब उसे बाएं साइड पीठ में गोली लगी थी और वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया था।

स्टैच्यू ऑफ यूनिटी गुजरात के लिए यात्रियों का दल रवाना

आरा (भोजपुर)। राष्ट्रीय एकता दिवस के मद्देनजर जिलाधिकारी मनेश कुमार मीणा द्वारा भोजपुर से यात्रियों के दल को स्टैचू ऑफ यूनिटी, केवड़िया (गुजरात) के लिए हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस यात्रा का उद्देश्य देश की एकता, अखंडता एवं राष्ट्रीय एकजुटता के प्रति जन-जागरूकता को बढ़ावा देना तथा लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल के योगदान, आदर्शों एवं राष्ट्र निर्माण में उनकी महत्वपूर्ण



भूमिका से लोगों को परिचित कराना है। स्टैचू ऑफ यूनिटी सरदार वल्लभभाई पटेल के प्रति कृतज्ञता का प्रतीक है जो देश की एकता एवं अखंडता के संकल्प को सुदृढ़ करता है द्य इस अवसर पर जिलाधिकारी ने राष्ट्रीय एकता, आपसी सौहार्द एवं देश की विविधता में एकता की भावना को मजबूत बनाने का संदेश दिया तथा यात्रियों के दल को शुभकामनाओं के साथ रवाना किया। कार्यक्रम में उप विकास आयुक्त, प्रभारी पदाधिकारी, सामान्य शाखा, कला एवं संस्कृति पदाधिकारी, जिला मत्स्य प्रसार पदाधिकारी, जिला परियोजना पदाधिकारी, नमामि गंगे सहित अन्य वरीय पदाधिकारी उपस्थित रहे।

न्यायालय

मुन्सिफ-03
मोकाम-आरा, भोजपुर
स्वत्व वाद सं.-1261/2023

द्वारिका मिश्र..............................वादी

बनाम

बिहार सरकार....................प्रतिवादी

1. श्रीकान्त मिश्र पिता स्व. साधु शरण मिश्र 2. छठी देवी पति श्रीकांत मिश्र, दोनों निवासी ग्राम-रामापुर, पो.-रतनपुर, थाना-आरा मोफसी, अंचल आरा सदर, जिला-भोजपुर।

चूं उपरोक्त वाद के वादी ने उपरोक्त वाद आपलोगों के विरुद्ध दाखिल किया है, जो मेरे न्यायालय में विचारार्थ लंबित है। सम्मन एवं निर्बंधित सम्मन की कारवाई के बावजूद भी आपलोग जान बुझकर उक्त वाद में हाजिर नहीं हो रहे हैं। इसलिए इस गजट प्रकाशन के माध्यम से आपलोगों को सूचित किया जाता है कि आपलोग दिनांक 21.11.26 को समय 10.30 AM को मेरे न्यायालय में स्वयं आ अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर मोकदमा में उचित पैरवी करें अन्यथा आपलोगों की अनुपस्थिति में सारी कार्यवाही आपलोगों के विरुद्ध एकपक्षीय कर दी जाएगी।

इसे सख्त ताकिद जानें।

इसे मेरे हसताक्षर एवं मेरे न्यायालय के मुहर से जारी समझें।

न्यायालय मुन्सिपु-03
व्यवहार न्यायालय, आरा, भोजपुर
9/482/26

ब-न्यायालय,

सब जज द्वितीय
बिक्रमगंज, रोहतास।
स्वत्व वाद संख्या- 433/2025

गजाधर राम वगै. ....वादीगण

बनाम

चन्द्रमा दुसाध वगै ....प्रतिवादीगण

नोटिस बनाम : प्रतिवादीगण 1. कृष्णा पासवान पिता-चन्द्रमा दुसाध निवासी ग्राम- टेकनपुरा पो.-कुसुम्हरा थाना-सूर्यपुरा जिला-रोहतास।

चूं बजरिये इस गजट प्रकाशन के द्वारा आपको आगाह किया जाता है कि उपरोक्त वाद के मुदई ने आपके विरुद्ध मेरे न्यायालय में एक मुकदमा दाखिल किया है जिसमें आपके उपर सम्मन और रजिस्ट्री सम्मन तामिला के कार्रवाई के बावजूद भी आप मेरे न्यायालय में उपस्थित नहीं हुए वो आपको इस गजट प्रकाशन के द्वारा आगाह किया जाता है कि दिनांक : 18.11.2026 समय 10:30 बजे मेरे न्यायालय में उपस्थित होकर उचित पैरवी करें अन्यथा उपरोक्त वाद में आपके विरुद्ध एकपक्षीय सुनवाई का आदेश पारित कर दिया जाएगा।

आज दिनांक-14.10.2026 को न्यायालय के मुहर एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

सब जज-द्वितीय
सिविल कोर्ट, बिक्रमगंज
जिला- रोहतास (बिहार)

ब अदालत सब जज-6, मोकाम-आरा भोजपुर
नम्बरी वाद संख्या-341/2026

राहुल कुमार सिंह.....................मुदई

बनाम

टिंकु कुमार सिंह उर्फ रिंकू कुमार सिंह वगैरह.....................मुदालेहुम

गजट बनाम:-1. टिंकु कुमार उर्फ रिंकू कुमार सिंह, पिता-विक्रमादित्य सिंह उर्फ विक्रम सिंह 2. विक्रमादित्य सिंह उर्फ विक्रम सिंह, पिता-स्व. नथुनी सिंह, दोनों निवासी साकिन-पीपरा, पो.-कल्याणपुर, थाना-मुफस्सिल, जिला-भोजपुर (बिहार), पिन-802154

चूं वजरिये इस गजट प्रकाशन के द्वारा आप लोगों को सूचित किया जाता हौ कि आपलोगों के विरुद्ध उपरोक्त वाद न्यायालय में लंबित है और न्यायालय द्वारा नजारत सम्मन, रजिस्ट्री सम्मन भेजने के बावजूद भी आप सभी न्यायालय में आज तक हाजिर नहीं हुए।

अत: इस गजट प्रकाशन के माध्यम से आपलोगों को सूचित किया जाता है कि दिनांक 21.11.2026 को पूर्वाह्न 10.30 बजे दिन में स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर उचित पैरवी करें। अन्यथा आपलोगों के विरुद्ध एकपक्षीय सुनवाई वास्ते अमल में लाने का आदेश पारित किया जायेगा।

इसे सख्त ताकिद जानें।

आज मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय के मुहर से जारी किया जाता है।

सब-जज-06
मोकाम-आरा, भोजपुर
06.10.26
9/482/26

न्यायालय,

अवर न्यायाधीश द्वितीय
जगदीशपुर, भोजपुर
स्वत्व वाद संख्या- 429/2024

चन्द्रशेखर वगैरह ....वादीगण

बनाम

रीता देवी वगै ....प्रतिवादीगण

नोटिस बनाम : 1.रीता देवी, पिता-स्व. निर्मल राम 2. गीता देवी, पिता-स्व. निर्मल राम 3. सबीता देवी, पिता स्व. निर्मल राम 4. राज कुमारी कुंवर, पति-स्व. रवीन्द्र राम 5. प्रेम कुमार पिता-स्व. दुर्गा राम ग्राम+पोस्ट कटैया, थाना-बिहियां, जिला-भोजपुर।

चूंकि बजरीये इस गजट प्रकाशन से आपलोगों को सूचित किया जाता है कि उक्त वाद में सम्मन एवं रजिस्टर्ड सम्मन भेजे जाने के बावजूद आपलोग मेरे न्यायालय में उपस्थित नहीं हुए हैं।

अत: आपलोगों को इस गजट प्रकाशन के माध्यम से अंतिम रूप से सूचित किया जाता है कि आपलोग मेरे न्यायालय में वकालतन खाह असलातन दिनांक 30.10.26 को समय 10:30 बजे उपस्थित होकर जो कुछ भी उजूर व एतराज करना है करें अन्यथा उक्त वाद की सुनवाई की काररवाई एकपक्षीय कर दी जाएगी। इसे सख्त ताकिर जानें।

आज दिनांक-28.10.2026 को मेरे न्यायालय के हस्ताक्षर एवं मोहर से जारी किया गया।

अवर न्यायाधीश द्वितीय
व्यवहार न्यायालय
जगदीशपुर, भोजपुर

लापता किशोर का शव बरामद

तरारी (भोजपुर)। तरारी थाना क्षेत्र की करथ पंचायत के दुरूपुर गांव निवासी 14 वर्षीय किशोर का शव बुधवार की अहले सुबह दुरहर करहा से बरामद किया गया। मृतक की पहचान दुरूपुर गांव निवासी सत्येंद्र सिंह उर्फ अलगु सिंह के 14 वर्षीय पुत्र मोहित कुमार के रूप में हुई है। शव मिलने की सूचना के बाद पूरे गांव में मातम पसर गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। बताया जाता है कि मंगलवार की शाम करीब सात बजे मोहित अपने पिता से यह कहकर घर से निकला था कि वह बाहर घूमकर आ रहा है। देर रात तक घर नहीं लौटने पर परिजनों ने उसकी खोजबीन शुरू की, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं मिला। पूरी रात परिवार के लोग उसकी तलाश में परेशान रहे। बुधवार की अहले सुबह करथ गांव के कुछ किसान खेत की ओर निकले थे। इसी दौरान उनकी नजर करहा में पड़े किशोर के शव पर पड़ी। शव देखकर किसानों ने शोर मचाया। सूचना



मिलने पर करथ के चौकीदार मौके पर पहुंचे और शव की पहचान होने के बाद इसकी जानकारी तरारी थानाध्यक्ष पंकज कुमार को दी। सूचना मिलते ही तरारी थानाध्यक्ष पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और मामले की जांच शुरू की। उन्होंने घटना की जानकारी वरीय पुलिस अधिकारियों को दी। इसके बाद पीरो डीएसपी कन्हैया कुमार और सर्किल इंस्पेक्टर राजीव कुमार भी घटनास्थल पर पहुंचे। अधिकारियों ने घटनास्थल का जायजा लेते हुए स्थानीय ग्रामीणों से जानकारी ली। डीएसपी ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि पुलिस जल्द ही मामले का उद्भेदन करेगी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए आरा सदर अस्पताल भेज दिया। किशोर की मौत किन परिस्थितियों में हुई, इसका खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट और पुलिस जांच के बाद ही हो सकेगा। मोहित तीन भाई-बहनों में सबसे बड़ा था और आठवीं कक्षा का छात्र था। उसके पिता सत्येंद्र सिंह उर्फ अलगु सिंह, मां मांति देवी, बहन डॉली कुमारी और भाई रोहित कुमार का रो-रोकर बुरा हाल है। किशोर की मौत की खबर मिलते ही पूरा दुरूपुर गांव चीत्कार से गमगीन हो गया।

मारपीट कांड का अभियुक्त गिरफ्तार

शाहपुर (भोजपुर) आससे। शाहपुर पुलिस ने मारपीट कांड के अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस ने कुंडेश्वर गाँव के रैमन राम एवं श्याम बिहारी राम को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

विशेष जन सहयोग शिविर आयोजित

चरपोखरी (भोजपुर)। जिले के चरपोखरी प्रखंड अंतर्गत सियाडीह पंचायत स्थित पंचायत सरकार भवन में मंगलवार को बिहार सरकार की महत्वाकांक्षी पहल के तहत विशेष जन सहयोग शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का नेतृत्व सियाडीह



पंचायत के मुखिया लालमुक्ति पासवान ने किया। इस दौरान पंचायत क्षेत्र के विभिन्न गांवों से पहुंचे लोगों की समस्याएं सुनी गईं और कई जनसमस्याओं के समाधान के लिए आवश्यक पहल की गई। साथ ही संबंधित अधिकारियों को समस्याओं के निष्पादन को लेकर जरूरी दिशा-निर्देश दिए गए।वहीं शिविर का प्रखंड विकास पदाधिकारी कुमार विमलादित्य ने जायजा लिया। उन्होंने शिविर में संचालित विभिन्न कार्यों की जानकारी ली और आम लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराने से संबंधित व्यवस्था का निरीक्षण किया। इस दौरान जरूरतमंद लाभुकों के बीच जन्म प्रमाण पत्र, पेंशन स्वीकृति पत्र, जॉब कार्ड सहित कई प्रमाण पत्रों का वितरण किया गया। शिविर के माध्यम से लोगों को सरकारी योजनाओं और प्रशासनिक सेवाओं से जुड़ी सुविधाएं उपलब्ध कराने का प्रयास किया गया। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी कुमार विमलादित्य, प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी (एमओ) दीपक कुमार अंशु, प्रखंड कल्याण पदाधिकारी अवनीश आनंद सहित अन्य कर्मी एवं संबंधित लोग मौजूद रहे।

जिलाधिकारी ने की राजस्व कार्यों की समीक्षा

आरा (भोजपुर)। जिलाधिकारी मनेश कुमार मीणा द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से राजस्व विभाग अंतर्गत संचालित योजनाओं एवं कार्यों की समीक्षा की गई। बैठक में परिमार्जन, दाखिल-खारिज, अभियान बसेरा, लंबित अनापत्ति प्रमाण पत्र तथा भूमि विवाद से संबंधित मामलों की अद्यतन स्थिति की जानकारी ली गई। समीक्षा के दौरान विशेष रूप से भूमिहीन सरकारी विद्यालयों के लिए भूमि चिह्नित करने तथा आंगनबाड़ी केंद्रों के भवन निर्माण हेतु नजरी नक्शा एवं सीमांकन प्रतिवेदन सहित भूमि का अनापत्ति प्रमाण पत्र उपलब्ध कराने पर जोर दिया गया।

बिहार सरकार

जल संसाधन विभाग
कार्यपालक अभियंता (यॉंत्रिक) का कार्यालय
सिंचाई यॉंत्रिक प्रमंडल, वीरपुर
अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या :-01SBD/2026-27
(राष्ट्रीय/राजकीय स्पर्द्धा)
(केवल -ई-टेन्डर पद्धति के अनुसार वेवसाइट www.eproc2.bihar.gov.inपर)
(प्रतिशत दर निविदा)

1- कार्य की विवरणी

क्र0	कार्य की विवरणी	प्राक्कलित राशि (लाख में)	अग्रधन की राशि (लाख में)	परिमाण विपत्र का मूल्य (रूपये में)	बेल्ट्रॉन को देय प्रोसेसिंग फी (अप्रत्यार्पणीय) (केवल ऑनलाईन मोड में भुगतेय (रूपये में)	कार्य समाप्ति की अवधि
1	2	3	4	5	6	7
1	Repair and Maintenance work of the canal gates and other components of Mechanical Structures located at various points along the Western Koshi Main Canal 0.35km. and between the 0.4km. And 33.79 km. of the Western Koshi Main Canal (Nepal Portion) under the Jurisdiction of the Chief Engineer (Irrigation Creation), Darbhanga and the Irrigation Mechanical Division, Birpur.	495.23964	9.91	10,000.00	11,800.00	2 माह

2. विज्ञापन निर्गत करने की तिथि :- दिनांक 23.10.2026
3. निविदा कागजात डाउनलोड एवं अपलोड करने की अवधि :- दिनांक 17.11.2026 से 25.11.2026 के अपराहण 3.00 बजे तक। (www.eproc2.bihar.gov.in)
4. प्री-बिड मीटिंग का समय, स्थान एवं तिथि :- दिनांक 23.11.2026 के 3.00 बजे अपराह्न में, मुख्य अभियंता (यॉंत्रिक), जल संसाधन विभाग, पटना।
5. तकनीकी बीड खोलने की तिथि एवं समय :- दिनांक 25.11.2026 को समय 3.30 बजे अप0 तक (www.eproc2.bihar.gov.in)
6. वित्तीय बीड खोलने की तिथि एवं समय :- तकनीकी बीड की स्वीकृति के बाद अलग से सूचना दी जायेगी। (www.eproc2.bihar.gov.in)
7. निविदा खोलने का स्थान :- (www.eproc2.bihar.gov.in) पर
8. निविदा की वैधता अवधि :- 120 दिन
9. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता :- कार्यपालक अभियंता (यॉंत्रिक), सिंचाई यॉंत्रिक प्रमंडल, वीरपुर।
10. ई-निविदा मात्र (www.eproc2.bihar.gov.in) पर डाउनलोड एवं अपलोड किया जा सकता है।

विस्तृत जानकारी **www.state.bihar.gov.in/prdbihar** से प्राप्त की जा सकती है।

PR. No. 014361 (WRD) 2026-27

कार्यपालक अभियंता (यॉंत्रिक),
सिंचाई यॉंत्रिक प्रमंडल, वीरपुर
Mob. No.-8210141033

नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।